एक नजर में

पदम कुंड मार्ग पर कचरा फेंकने पर 2000 का जुर्माना

खंडवा। पदम कुंड मार्ग पर एमपी ऑनलाइन दुकानदार विनीत राठौर द्वारा सफाई के उपरांत कचरा मार्ग पर फेंक दिया गया। सूचना प्राप्त होते ही नगर निगम अमला तत्काल मौके पर पहुंचा एवं संबंधित दुकानदार को समझाइश दी गई कि इस प्रकार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। साथ ही सफाई नियमों का उल्लंघन करने पर 2000 का जुर्माना लगाया गया तथा फेंका गया कचरा तत्काल उठवाया गया। यह कार्यवाही झोन प्रभारी मनीष पंजाबी के नेतृत्व में की गई। नगर निगम खंडवा समस्त नागरिकों से अपील करता है कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। कृपया खुले में कचरा न फेंके तथा डस्टबिन का ही उपयोग करें। इस प्रकार की निगरानी एवं कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

कृषि मंत्री को मांधाता विधायक ने ज्ञापन सौंपा

मूंदी। भोपाल में कृषि मंत्री इंदल सिंह कंसाना से मांधाता विधायक नारायण पटेल ने भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांधाता विधानसभा क्षेत्र में आने वाले तहसील पुनासा मूदी किल्लौद एवं छैगांव माखन तहसीलों के गांव आते हैं क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा पीला मोजेक एवं जल भराव से सोयाबीन की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है एवं कपास की फसलों को भी वायरस के प्रभाव से एवं अत्यधिक वर्षा से भी कई स्थानों पर क्षति पहुंची है। जिससे क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति संकट में पड़ गई है शासन स्तर पर फसलों का सर्वे कराया जाकर नियम अनुसार नुकसान की भरपाई की जाए एवं राहत पैकेज उपलब्ध कराया जाए ताकि बीमा का लाभ अन्नदाताओं को मिले। इस अवसर पर आपके साथ जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष सेवादास पटेल एवं माधाता विधानसभा के मंडल अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता साथ थे। कृषि मंत्री ने तत्काल मामला संज्ञान में लेते हुए जिला कलेक्टर खंडवा ऋषभ गुप्ता को दूरभाष पर शीघ्र सर्वे करा कर उचित मुआवजा दिलाने हेतु निर्देशित किया। शीघ्र ही राहत राशि एवं बीमा भुगतान हो ताकि किसानों को जो आर्थिक नुकसान हुआ है उसकी भरपाई हो सके।

अहमदपुर खैगांव में श्रमदान से किया बोरी बांध का निर्माण

खंडवा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति अहमदपुर खैगांव एवम ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम की आबना नदी पर श्रमदान से बोरी बांध का निर्माण किया गया। जिला समन्वयक जगदीश पटेल द्वारा ग्राम में चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व बताया गया। जल के बिना जीवन की कल्पना नही की जा सकती हमे जल को बचाने के लिए बहते पानी को रोकना होगा जिससे किसानों की फसल के लिए पानी मिल सके। चोपाल पश्चात सभी युवाओं ने नदी पर जल को सहेजने हेतु 200 बोरीयो का एक बोरी बांध बनाया। बोरी बंधान कार्य में सभी का सहयोग रहा इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार,ग्राम पंचायत सचिव दशरथ पटेल,प्रस्फुटन समिति के मूलचंद मौर्य,नारायण फरकले, सहायक सचिव,राजेश प्रजापति,मनीष धीमान,विकास अटूट एवम ग्रामीण मौजूद रहे।

जन सहयोग से ही मिलती है आयोजन को सफलता : कमल नागपाल

खंडवा। लायंस क्लब ऑफ खंडवा ओजस की टीम ने सेवा सप्ताह के अवसर पर सेवा गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर विगत वर्षों में किए गए पौधारोपण की वर्तमान अवस्था का टीम द्वारा अवलोकन किया गया। लायन संजना खत्री ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लायंस क्लब ऑफ खंडवा ओजस की टीम सुबह आज सुबह सिंधी कॉलोनी हिंदूजा हॉस्पिटल के पास पहुंची तथा 5 वर्ष पूर्व यहां लगाए गए पौधों की पौधों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। यहां पाया गया कि 5 वर्ष पूर्व लगाए गए छोटे पौधे निकट ही रहने वाले रहवासियों द्वारा उचित देखरेख और रखरखाव के कारण अब विशाल वृक्ष के रूप में बदल चुके हैं।5 वर्ष पूर्व 15 अगस्त 2020 को लगाए गए सप्तश्रृंगी के पौधे को 12 फीट से भी अधिक ऊंचाई का सुंदर घना वृक्ष देख कर ओजस की टीम फूली नहीं समाई। यहां पर उचित देखरेख करने वाले समाजसेवी चंद्रलाल नागपाल का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। संजना खत्री ने लायंस क्लब ऑफ खंडवा ओजस की ओर से सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ओजस समय-समय पर इस प्रकार की सेवा गतिविधियां करता रहा है और करता रहेगा लेकिन इसमें जन भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। आम जनता की जागरूकता और सहयोग से ही आयोजनों को वास्तविक धरातल पर सफलता मिलती है। लायन घनश्याम वाधवा ने कहा कि ओजस का यह कार्य पुनीत है। इस सेवा गतिविधि में राकेश खत्री,रोशनी नागपाल,किशोर हिंदूजा,दीपा हिंदूजा आदि भी उपस्थित रहे।लायंस क्लब ऑफ ओजस की ओर से ओजस की कोषाध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट माइक्रो कैबिनेट लायन इंदरदीप कौर ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

55 वाहन चालकों से 29200/-रुपए वसूल किए

खंडवा। जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 29200/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

2024 के किशोर सम्मान से प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी को नवाजा

देश के प्रसिद्ध गीतकार प्रसून जोशी पहुंचे किशोर दा की समाधि स्थल,पुष्प अर्पित कर किया नमन

नवभारत न्यूज

खण्डवा। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन खण्डवा के सहयोग से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार के पुण्य स्मरण अवसर पर राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह का दो दिवसीय आयोजन किया। समारोह के दूसरे दिन मंगलवार रात 9 बजे राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण से सुविख्यात गीतकार प्रसून जोशी को अलंकृत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअली उपस्थिति में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग मंत्री विजय शाह,विधायक छाया मोरे , महापौर अमृता अमर यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे उपस्थित थे।

संचालक, संस्कृति श्री नामदेव ने बताया कि संस्कृति विभाग महान गायक कलाकार किशोर कुमार की स्मृति में यह सम्मान वर्ष 1997 से लगातार प्रदान किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सम्मान स्वरूप 5 लाख रुपए की कर मुक्त राशि एवं सम्मान पट्टिका प्रदान की जाती है। यह सम्मान अभिनय, पटकथा लेखन, गीत लेखन एवं निर्देशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है। अलंकरण के बाद मुम्बई के हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप, द्वारा किशोर कुमार के गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

गीतकार प्रसून जोशी ने कहा

आज मैं अपने आप को धन्य मानता हूं कि गीत संगीत और कला से जुड़ी एक प्रमुख हस्ती का सम्मान प्राप्त करने जा रहा हूं। किशोर दा हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं उनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। किशोर दा की गायकी में सभी कुछ मौजूद था, रोमांटिक, कॉमेडी, देश भक्ति, दुख भरे गीत उनके द्वारा गाए गए जिसे बच्चे, जवान, बुजुर्ग तक गुनगुनाते हैं। यह बात 28 वां राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने खंडवा पहुंचे देश के प्रसिद्ध कवि गीतकार लेखक प्रसून जोशी ने किशोर दा की समाधि स्थल पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं।

श्री जोशी ने कहा कि गीत संगीत के क्षेत्र में कितना भी परिवर्तन आधुनिकता जाए लेकिन किशोर दा के गाए गीतों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता आज भी उनके गीत हर कार्यक्रम में मौजूद मिलेंगे। इस अवसर पर उन्होंने किशोर दा का गीत बच ना सका कोई गीत की पंक्तियां भी गुन गुनाई।

समाजसेवी व किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि किशोर सम्मान से अलंकृत होने वाले गीतकार प्रसुन्न जोशी अपनी धर्मपत्नी के साथ शाम 6.00 इंदौर से ओंकारेश्वर के दर्शन कर किशोर दा की समाधि स्थल पर पहुंचे जहां किशोर दा की समाधि पर उन्होंने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और परंपरा अनुसार दूध जलेबी का भोग भी लगाया। समाधि स्थल पर पहुंचने पर तीन दादाओ की नगरी में समाजसेवी सुनील जैन ने मोती की माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।

इस अवसर पर प्रेरणा मंच के रणवीर सिंह चावला, नारायण बाहेती, सुरेंद्र सोलंकी,प्रफुल्ल मंडलोई,बादल शर्मा के साथ ही संस्कृति विभाग भोपाल के अधिकारी श्री नामदेव एवं खंडवा एडीएम सृष्टि देशमुख,निगम आयुक्त प्रियंका सिंह राजावत,बजेंद्र शर्मा ने भी गीतकार प्रसून जोशी का स्वागत अभिनंदन किया।

किसानों ने फसल खराब होने पर मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

खण्डवा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम अत्तर,रेवाड़ा, दुगवाड़ा,बामझर ,चिचगोहन, जामनिया, सिर्रा तहसील छैगांवमाखन के किसानों ने सोयाबीन की फसल नष्ट होने पर मुआवजा राशि प्रदान किये जाने हेतु कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।

जनसुनवाई में खंडवा जनपद के रिटायर्ड विकासखंड अधिकारी प्रताप सिंह मुवेल ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें पेंशन ग्रे' युटी बीमा एवं अन्य राशि का भुगतान नहीं मिला है,जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समय सीमा में आवेदक को पात्रता अनुसार भुगतान कराने के निर्देश दिए। ग्राम भकराड़ा के राधेश्याम पंवार ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव में पंचायत सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता की जा रही है तथा पंचायत की नियमित रूप से बैठक आयोजित नहीं की जाती है, जिस पर उन्होंने जनपद खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच करने तथा दोषी पाये जाने पर पंचायत सचिव के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में खंडवा तहसील के ग्राम सेमल्या निवासी रामेश्वर चेतराम शिवनारायण,अशोक बृजलाल और दुलिचंद ने अपनी कृषि भूमि में जल भराव के कारण फसल खराब होने से फसल क्षति सम्बंधी मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने तहसीलदार खंडवा को प्रकरण की जांच कर पात्रता अनुसार राहत राशि दिलाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए।

पुनासा तहसील के ग्राम बोराड़ी माल निवासी राजकुमार यादव ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसने राधिका सीड्स एंड पेस्टिसाइड, ग्राम अटूटखास तहसील पुनासा से कीटनाशक क्रय किया था अपनी फसल में प्रयोग किया था,जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई,आवेदक ने विक्रेता व निर्माताकंपनी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए हर्जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने उप संचालक कृषि को प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में छैगांवमाखन तहसील के ग्राम कोंडावद निवासी सुंदरबाई एवं आशाराम पटेल ने सोयाबीन की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण खराब होने के कारण मुआवजे की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार छैगांवमाखन को मामले की जांच कर पीड़ित किसान को पात्रता अनुसार राहत दिलाने के निर्देश दिए। मुकेश कुमार निवासी प्रणाम सिटी सिहाड़ा रोड ने कॉलोनी से मुख्य मार्ग तक सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क रिपेयरिंग कराकर डामरीकरण कराने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को सड़क रिपेयर कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर के. आर. बड़ोले, एसडीएम खंडवा ऋषि कुमार सिंघई, डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मोतियाबिंद के 32 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए इन्दौर भेजा

नवभारत न्यूज

खण्डवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश सोनी ने बताया कि नेत्र शिविर में 82 मरीजों की आंखों की जाँच की गई जिसमें से 36 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। इनमें से 32 मरीजों को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेजा गया है। जिन्हें ऑपरेशन के बाद आवश्यक दवाईयां व चश्मा भी प्रदान किया जायेगा।

डॉ. सोनी ने बताया कि 27 अक्टूबर को सी.एच.सी. छैगांवमाखन में पुन: नेत्र जाँच शिविर लगाया जाएगा।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,की मांग,अवैध शराब आहते बंद हो

शहर में चल रहे अवैध शराब अहातों को लेकर आक्रोश

नवभारत न्यूज

खंडवा। शहर के अनेक स्थानों पर अवैध शराब आहते खुलेआम संचालित किए जा रहे हैं इसको लेकर शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र के साथ ही शहर के नागरिकों के आक्रोशित होते हुए वीडियो बाईट की एक सीडी भी जनसुनवाई में दी।

श्री भावसार ने अवैध शराब आहतो को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि प्रदेश में शराब आहते पूर्णत: प्रतिबंधित है। लेकिन खंडवा शहर में खुलेआम नियमों को ताक में रखकर शराब संचालक अवैध शराब आहते संचालित कर रहे हैं। यह सब संबंधित क्षेत्र के पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग को भी मालूम है। फिर भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। श्री भावसार ने आगे कहा कि ज्ञापन के जरिए मांग की गई है कि जिन क्षेत्रों में शराब आहते संचालित हो रहे हैं उन क्षेत्रों की शराब दुकानों को ब्लैक लिस्टेड किया जाए। इस तरह की शिकायत आबकारी विभाग ग्वालियर को भी की गई है अगर शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो शिवसेना अवैध शराब अहातों पर खुद जाकर तालाबंदी की मांग करेगी।

पोलियो की दवा पिलाने में पंधाना लक्ष्य के करीब

नवभारत न्यूज

पंधाना,प्रदीप मालवीय। जिले के साथ पंधाना के छोटे-छोटे कस्बों में भी पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई गई। इस अभियान में स्वास्थ्य कर्मियों और समाजसेवियों तथा नेताओं ने काफी सहयोग किया। कर्मचारियों ने इसे नौकरी न मानकर मिशन के रूप में लिया। यही वजह है कि पंधा ना क्षेत्र में यह कार्यक्रम पूर्णतया सफल रहा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंधाना में तीन दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतरगत 34276 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया।

द्वितीय दिवस के कार्य समाप्ति तक 30717 बच्चों को पोलियो दवा पिलाकर सुरक्षित किया जा चुका है। शेष बच्चों को आज घर घर जा कर वैक्सीन पिलाई जाएगी। डॉ.अनिल तंतवार प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा गुड़ीखेड़ा और आस-पास के क्षेत्र में टीकाकरण दल के सभी सदस्यों को समाजायिश देते हुए बताया गया कि छूटे हुए बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर अभियान को सफल बनाएंद्य टीकाकरण दल द्वारद्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसद्यर घर-घर जाकर दवा पिलाए जाने की निरंतर निगरानी भी की जा रही है, जिसका उद्देश्य अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है।

पुलिस 35 असामाजिक तत्वों एवं 21 के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई

अवैध शराब,जुआ एक्ट प्रकरण में आरोपियों पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में त्योहारों के मद्देनजर 35 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/ 135 बीएनएसएस के तहत 15 प्रकरणों मे 23अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 10 प्रकरण में 10 अनावेदक के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण में 02 अनावेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 21 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में13 गिरफ़्तारी, 01 स्थाई, 33 जमानती वारंट, 51 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पिपलोद के आरोपी मदन पिता दलपत जाति बंजारा उम्र 45 साल निवासी ग्राम कुमठा के कब्जे से 08 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 800/-रूपये की जप्त की गई। थाना मूंदी के आरोपी राकेश पिता प्रतापसिंह भीलाला उम्र 35 साल निवासी केनूद के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी प्लेन शराब कीमती 1360/-रूपए की जप्त की गई।

आरोपी गोलु पिता शिवप्रसाद उम्र 28 साल जाति कोरकु ठाकुर नि. हैडई के कब्जे से 8 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की महुआ शराब कीमती 800/-रूपए की जप्त की गई। उक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

हार जीत का दाव लगाते हुए पकड़ा

थाना धनगांव के आरोपिगण1.सुभाष पिता चन्दु डांगरे जाति भील उम्र 25 साल नि. टेमाचा 2. अजय पिता लालसिंह दांगोड़े जाति भील उम्र 30 साल नि. टेमाचा 3. रोहित पिता रामलाल घाटे जाति भील उम्र 20 साल नि.टेमाचा 4.संजय पिता रुपसिंग धोपे जाति भील उम्र 21 साल नि.टेमाचा 5. शांतिलाल पिता देवराम भास्कले जाति भील उम्र 38 साल नि. हरबंशपुरा 6. नहार सिंग पिता चम्पालाल धोपे जाति भील उम्र 28 साल नि. टेमाचा को तास पत्तो पर अवैध रूप से जुआ खेलते पकड कर आरोपियों के कब्जे से 52 तास पत्ते नगदी 12105 रूपए,एवं चार मोबाईल फोन कीमती 20000/-रूपए के विधवित जप्त किए गये। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।